an>

Title: Regarding payment of arrears to sugar cane growers to check suicide cases in the country.

श्री हुकुम सिंह (कैराना) : अध्यक्ष जी, सारे देश की किसानों की समस्या है। ...(व्यवधान) आपसे निवेदन है कि मुझे एक-दो मिनट अधिक दिया जाए। मैं इन लोगों से भी आग्रह करता हूं कि 125 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले इस सदन को पिछले 4-5 दिनों से 40 लोगों द्वारा ब्लेकमेल किया जा रहा है। मेरा अनुरोध है कि वे सीट पर चले जाएं और किसानों की समस्याओं को बैठकर सुनें। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : असली बात यह है कि इन्हें किसानों से कोई लेना-देना नहीं है, आप अपनी बात कहिए।

श्री हुकुम सिंह: लगभग 55 लाख हेक्टेयर भूमि में गन्ना उत्पादन होता है। उत्तर प्रदेश में लगभग 23 लाख हेक्टेयर में गन्ना पैदा होता है। ...(व्यवधान) दुर्भाग्यवश पिछले चार साल से गन्ना किसान तड़प रहा है लेकिन उसको भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी ने 6000 करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश सरकार को गन्ना भुगतान के लिए दिया, लेकिन मुझे इस बात का दुख है कि पैसा देने के बाद अभी तक किसानों का भुगतान नहीं हो पाया है। ...(व्यवधान) सबसे बड़ी चिंता की बात है कि आखिर जितनी भी चीनी पैदा होती है उस चीनी का उत्पादन, आयात-निर्यात पर सरकार का नियंत्रण है, बिना सरकार के आदेश के कोई इसका आयात-निर्यात नहीं कर सकता। आखिर क्या कारण है कि इन चार सालों में हम इसके लिए कोई नीति नहीं बना पाए कि गन्ना किसानों को तड़पना न पड़े। गन्ना किसानों का 22,000 करोड़ रुपये अभी भी गन्ना मिलों के ऊपर बकाया है, यह भुगतान कब होगा? ...(व्यवधान) इस समस्या को माननीय सदस्यों ने भी उठया लेकिन दुख की बात है कि आत्महत्याएं जारी हैं, इस बात का कोई जवाब देने वाला नहीं है। ...(व्यवधान) जिस किसान की धान की फसल गई, गेहूं की फसल गई, गन्ने की फसल गई वह कैसे गुजरा कर रहा होगा? सरकार विचार करके गन्ने के ऊपर कोई नीति बनाए। तभी समस्या का समाधान हो सकता है। इस बात को समझने की आवश्यकता है कि आखिर ...(व्यवधान) करोड़ों किसान परिवार तबाह होते रहें, फिर हम यहां किसके लिए राजनीति कर रहे हैं? ...(व्यवधान)

मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। मेरा सारा क्षेत्र गन्ने से आच्छादित है। जब मैं अपने क्षेत्र में जाता हूं तो वहां एक-एक किसान हमसे कहता है कि हम कहां से पैसा लायें, कहां से बेटी की शादी करें, कहां से मकान बनवायें, कहां से बच्चों की फीस दें।? ...(व्यवधान) मेरा बहुत विनम्रता के साथ निवेदन है ...(व्यवधान) प्रधान मंत्री जी ने कृपा की और छः हजार करोड़ रुपया दिया, लेकिन वह छः हजार करोड़ रुपया कहां गया? वह अभी तक किसानों को क्यों नहीं मिला, यह जानकारी लेने की आवश्यकता है। ...(व्यवधान) मेरा आपसे निवेदन है कि चार दिनों से इन लोगों ने सदन को बंधक बना रखा है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र, डॉ. प्रीतम गोपीनाथ मुंडे, डॉ. हिना विजयकुमार गावीत और श्री प्रहलाद सिंह पटेल को श्री हुकुम सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।